卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 236 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | बृहस्पतिवार | 6 जून 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उत्तराखंड के आगे बढ़ने का जनादेश:महेन्द्र भट्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। लोकसभा की पांचों सीटों पर जीत के बाद आज प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेसवार्ता में कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होने के साथ ही विकसित भारत का निर्माण और विकसित उत्तराखंड के आगे बढ़ने का जनादेश है। यह जनादेश परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार को खत्म करने वाला है। जनता ने डबल इंजन की सरकार के कामकाज पर अपनी मोहर लगाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह आंकड़े संतोष जनक और तुलना करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा मुकाबले में 61 विधानसभा में आगे रहे हैं। जबकि 14 अधिक जीती है। टिहरी सांसद चौथी बार लगातार जीती हैं। अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा तीसरी बार लगातार जीते हैं। नैनीताल सांसद अजय भट्ट भी दूसरी बार लगातार जीते हैं। हरिद्वार और गढ़वाल में नए प्रत्याशी की वजह से जीत का अंतर कम रहा है। महेन्द्र भट्ट ने कहा कि जिन 10 विधान सभाओं में हम हारे हैं उन सीटों की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और लगन से काम किया (शेष पृष्ठ 7 पर)



## आंगन में सो रही महिला की गला दबाकर हत्या

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। लालतप्पड़ चौकी क्षेत्र में देर रात एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी मृतका के बेटे की वर्कशॉप में काम करता था। जानकारी के मुताबिक लालतप्पड़ निवासी 54 वर्षीय कुलदीप कौर पत्नी हरजीत सिंह आंगन में सो रही थी। इसी दौरान तीन लोग आंगन में आ धमके। दो व्यक्तियों ने कुलदीप कौर के पैर दबाए और एक गला दबाने लगा। इसी दौरान उसके बगल में सो रही नातिन सिमरन जाग गई। वह अपने मामा जगदेव (कुलदीप कौर के पुत्र) को बुलाने के लिए कमरे की ओर दौड़ी लेकिन जब तक कोई पहुंचता तीनों भाग निकले। भागते आरोपियों पर जगदेव के चाचा हरजिंदर सिंह की भी नजर पड़ी। घटना के बाद परिजन कुलदीप कौर को जौलीग्रांट अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं ने बताया कि परिजनों ने तीन लोगों में से एक की पहचान आवेश अंसारी उर्फ छोटू निवासी लक्सर हरिद्वार के रूप में की है। बताया कि आवेश पिछले छह-सात माह से जगदेव की वर्कशॉप में ही काम कर रहा था। कोतवाल बताया कि जगदेव की शिकायत पर आवेश अंसारी समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंसल ज्वैलर्स से महिलाओं ने उड़ाई सोने की चेन



रूद्रपुर। शहर के प्रतिष्ठित बंसल ज्वैलर्स शोरूम पर खरीददारी के बहाने आई तीन महिलाओं ने हाथ की सफाई दिखाते हुए सोने की चेन पार कर ली। दिनदहाड़े चोरी की ये घटना सीसी टीवी फुटेज में कैद हो गयी।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सिविल लाईन स्थित बंसल ज्वैलर्स शोरूम में तीन महिलाएं और एक पुरूष खरीददारी करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने शोरूम में पहुंचकर कर्मचारियों से सोने की चैन दिखाने को कहा। इस बीच जब शोरूम के कर्मचारी चेन दिखाने लगा तो उक्त तीन महिलाएं और उनका पुरुष साथी कर्मचारी को बातो में उलझाने लगे। इसी बीच एक महिला ने बड़ी सफाई से सोने की चैन पार कर ली। इसके बाद बिना शॉपिंग किये ही चारों लोग शोरूम से बाहर निकल गये। महिलाओं के जाने के बाद जब शोरूम कर्मचारी को एक चेन कम मिली तो शोरूम में हड़कम्प मच गया। सीसी टीवी फुटेज की चेक करने पर पूरी घटना सामने आ गयी। चोरी की घटना की सूचना बाद में (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्पीड़न पर फूटा श्रमिकों का गुस्सा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित डॉल्फिन पीपी ऑटो इनोवेटर्स यूनिट के श्रमिकों ने उत्पीड़न के खिलाफ गुरूवार को फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन कर धरना दिया। श्रमिकों ने मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। श्रमिकों का कहना था कि फैक्ट्री प्रबंधन ने श्रमिकों को जबरन निकालने के लिए उनसे सादे पेपर पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। श्रमिकों को सरकार की गाईड लाईन के अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है। श्रमिकों ने श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप भी लगाया। प्रदर्शनकारियों ने श्रमिकों पर लागू की गयी गेटबंदी को तत्काल समाप्त करने, श्रमिकों को डॉल्फिन कंपनी के अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानांतरण हेतु लिखित आदेश जारी करने के पश्चात ही उनका स्थानांतरण करने , श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान, ओवरटाइम और बोनस में बकाया धनराशि का भुगतान करने, कर्मचारियों के पंच नंबरों को जबरन बदलने पर रोक लगाने, वर्षो से कार्यरत श्रमिकों को स्थाई नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में कांति प्रसाद, सोनू कुमार, सुनीता, बबलू सिंह, राजेन्द्र कुमार,(शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री कर्मी को बंधक बनाकर पीटा,नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक सिडकुल कर्मी को बंधक बनाकर हजारों की नगदी लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में अमरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र विजय प्रताप ने बताया कि वह सिडकुल के सेक्टर नंबर 2 स्थित जीपी आटो इनोवेटर्स (डाल्फिन ग्रुप )कंपनी में परचेज विभाग में नौकरी करता है। बीते दिनों मशीन का पार्ट खरीदने के लिए ट्रांजिट कैम्प बाजार जा रहा था कि शाम लगभग 5.45 बजे शाम को मोटर साइकिल पर नारायण कालौनी रोड जयगुरु मंदिर के पास भोला सिंह के साथ जा रहा था कि वीरु सिंह, ललित, सोनू ,राजेश सक्सेना, बब्लू आदि लोगों ने अचानक रोक लिया तथा मारपीट करने लगे मोटर साइकिल की चाबी छीन ली उक्त लोग हम दोनों को घसीटकर करीब सौ मीटर दूरी पर एक पार्क में ले गये जहाँ पर एक व्यक्ति जो अपना नाम कैलाश भट्ट बता रहा था, गाली देकर कहने लगा कि इन मैनेजमैंट के लोगों को अच्छी तरह सबक सिखा दो उक्त कैलाश भट्ट वीरु सिंह, ललित और सोनू दोनों को (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को लाखों रुपए कीमत की स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गश्त के दौरान गश्त लाइन नंबर 1 इरशाद हुसैन के मकान के बगल वाली गली में वनभूलपुरा से एक स्मैक तस्कर को 30.04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछ ताछ करने पर उसने अपना नाम पता शाकिब पुत्र मौ., राशिद निवासी लाइन नंबर 8 आजादनगर, बनभूलपुरा बताया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक विरेन्द्र चन्द, का. भूपेन्द्र सिंह जेष्ठा, लक्ष्मण राम व आरसी शिवम कुमार शामिल थे।



## सिचाई नहर में शव मिलने से सनसनी,नहीं हुई शिनाख्त

रामनगर(उद संवाददाता)। कानिया गांव के पास करनपुर क्षेत्र में पानी की गूल में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक गुरूवार सुबह कानिया गांव के करनपुर क्षेत्र में क्षेत्र के लोगो को सिंचाई नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव की सूचना पर क्षेत्र में हड़कम मच गया। स्थानीय लोगो ने तुरंत ही इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। (शेष पृष्ठ सात पर)



## गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को ‘कहीं ले न डूबे’ वाहनों का धुआं?

**जहां कभी शोर करने की मनाही थी, वहां गड़गड़ा रहे ऑटोमोबाइल इंजन, वातावरण में घोल रहे बेहिसाब धुआं, वनाग्नि से बढ़ी ब्लैक कार्बन की मात्रा के खतरनाक स्तर तक पहुंचने आशंका, गहरे संकट में गंगोत्री और सतोपंथ ग्लेशियर समूह**

-अर्श-

देहरादून। पहाड़ी राज उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र की अधिकांश आबादी की आर्थिक रीढ़ कृषि के अलावा पर्यटन, विशेष कर चार धाम यात्रा, है। इस दृष्टि से चार धाम यात्रा में प्रतिवर्ष रिकॉर्ड यात्रियों का पहुंचना उत्तराखंड और उत्तराखंड वासियों के आर्थिक समृद्धि की दृष्टि से बेहद उत्साह जनक है, लेकिन चार धाम यात्रियों कि यह बेहिसाब भीड़ पर्यावरण की दृष्टि से उत्तराखंड पर कितनी भारी पड़ सकती है? इसका अनुमान ना तो सरकार लग रही लगा पा रही है और ना ही प्रदेश के रहवासी। उत्तराखंड से लगे हिमालय क्षेत्र में स्थित चारों धामों में यात्रा की शुरुआत में ही श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले साल बदरी नाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या 56,31 ,224 की तुलना में ,इस वर्ष पर्यावरणीय दृष्टि से अति संवेदनशील इन तीर्थों में 70 लाख तक यात्रियों की आमद होने का अनुमान है। हिमालय पर यात्रियों के इस महारैली से व्यवसायियों का गदगद होना स्वाभाविक है, क्योंकि यह यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ़ होने के साथ ही पड़ोसी राज्यों को भी प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ पहुंचाती है,लेकिन पर्यावरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को आस्था के इस अप्रत्याशित ज्वार ने चिंता में डाल दिया है। प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मभूषण चंडी प्रसाद भट्ट के अनुसार एक समय इस संवेदनशील क्षेत्र में लोग लाल कपड़े तक नहीं पहनते थे और यहां शोर करना भी वर्जित था मगर वर्तमान में यहां हर तरफ कोलाहल एवं गंदगी का बोलबाला है। यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से यात्रा मार्गों में गंदगी भी खूब हो रही है। इस मार्ग पर जो मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) लगे हैं, उनकी क्षमता भीड़ के मुकाबले बहुत कम है परिणाम स्वरूप गंदगी नदियों में मिल जाती है। पिछले वर्ष बदरीनाथ में लगे संयंत्र का मलजल सीधे अलकनंदा में प्रवाहित होते हुए पूरी दुनिया ने सोशल मीडिया पर देखा था। लगभग 1300 किमी लंबे चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित कस्बों की अपनी सीमित ठोस अपशिष्ट(कूड़ा-कचरा) निस्तारण व्यवस्था है।सरकार या नगर निकायों के लिए अचानक इस व्यवस्था का विस्तार आसान नहीं होता।सबसे अधिक चिंता का विषय वाहनों का हिमालय पर चढ़ना (शेष पृष्ठ 7पर)





# खरे उतरे सीएम धामी, मंत्रियों की परफॉर्मेंस रही फीकी

## भाजपा सरकार के कई कैबिनेट मंत्री अपने क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले नहीं करा पाए ज्यादा मतदान

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की जनता ने एक बार फिर भाजपा पर ही भरोसा जताया है। जहां एक तरफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लोकसभा चुनाव में अपनी फायरब्रांड छवि के सहारे सियासी कसौटी पर खरे उतरे हैं तो वहीं दूसरी तरफ धामी कैबिनेट के मंत्रियों के प्रदर्शन पर नजर दौड़ाएं तो कहा जा सकता है कि एक कैबिनेट मंत्री को छोड़कर सभी कैबिनेट मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछली बार के मुकाबले इस बार बीजेपी के पक्ष में ज्यादा मतदान नहीं करा पाए। उत्तराखंड में सीएम धामी के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों में पांचों सीट पर बीजेपी ने जीत हासिल की है। लेकिन अगर धामी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के परफॉर्मेंस पर नजर दौड़ाएं तो सौरभ बहुगुणा को छोड़कर सभी मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में 2019 के मुकाबले 2024 में बीजेपी के पक्ष में कम मतदान हुआ है।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की बात करें तो सतपाल महाराज के विधानसभा क्षेत्र में 2019 के लोकसभा चुनाव में 26039 मत भाजपा को हासिल हुए थे। तो इस बार ये आंकड़ा घटकर 24376 पर आ गया है। जीत के अंतर की बात करें तो चौबट्टाखाल में पिछली बार जहां जीत का अंतर 15296 था तो वहीं इस बार घटकर ये आंकड़ा 8372 पर आ गया है।कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश की करें तो पिछली बार 77588 वोट जहां बीजेपी के पक्ष में पड़े थे। तो वहीं इस बार आंकड़ा घटकर 66943 पहुंच गया है। बीजेपी के लिए जीत का अंतर 63219 से घटकर 51924 पहुंच गया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के विधानसभा क्षेत्र मसूरी में पिछली बार 52526 मत भाजपा को हासिल हुए थे। लेकिन इस बार ये आंकड़ा 45749 वोट तक बीजेपी के लिए पहुंच गया है। जबकि जीत का अंतर 30951 से घटकर 26877 तक पहुंच गया है।श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र जो की कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत का विधानसभा क्षेत्र आता है। उस पर सभी की नजरें थी इस बार क्या गणेश गोदियाल बीजेपी से ज्यादा मत हासिल कर लेंगे। लेकिन श्रीनगर में गणेश गोदयाल जो कांग्रेस के उम्मीदवार थे उन्हें बीजेपी की तुलना में कम मत हासिल हुए हैं। पिछली बार जहां बीजेपी के पक्ष में श्रीनगर विधानसभा में 34391 मत हासिल हुए थे। तो वहीं इस बार 28484 मत भाजपा को हासिल हुए हैं। जीत का अंतर 16555 से घटकर 698 तक पहुंच गया है। कैबिनेट मंत्री सुबोध के विधानसभा क्षेत्र नरेंद्र नगर में पिछली बार 37833 वोट जहां बीजेपी के पक्ष में पड़े थे। तो इस बार ये आंकड़ा घटकर 31147 तक पहुंच गया है। जबकि जीत का अंतर 30665 से घटकर 19577 पर आ गया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर में पिछली बार बीजेपी को 25030 मत पड़े थे। इस बार ये आंकड़ा घटकर 24664 पहुंच गया। जबकि जीत का अंतर सोमेश्वर विधानसभा में 9302 से घटकर 9251 तक पहुंच गया है। धामी कैबिनेट में शामिल 7 मंत्रियों में से 6 कैबिनेट मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का वोट 2019 के मुकाबले इस बार घट गया है। लेकिन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में भाजपा के वोट बैंक में बढ़ोतरी देखने को मिली है। उनके विधानसभा क्षेत्र में जहां पिछली बार 55822 वोट बीजेपी को मिले थे। तो वहीं इस बार ये आंकड़ा बढ़कर 59612 पहुंच गया। जीत के अंतर में भी सितारगंज में बीजेपी के लिए बढ़ोतरी हुई है। 27775 वोटों से बढ़कर ये आंकड़ा 31296 वोटों तक पहुंच गया है। सौरभ बहुगुणा को छोड़कर सभी कैबिनेट मंत्री पिछली बार के प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए हैं। धामी कैबिनेट मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी को कम वोट मिलने और जीत का अंतर पिछली बार से कम होने को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि ये जनता की नाराजगी मंत्रियों के प्रति हो सकती है। हालांकि उनका मानना है कि ये कमजोरी उनकी पार्टी की भी साबित हुई है। अगर बेहतर कैंडिडेट का चयन लोकसभा सीटों पर होता तो कांग्रेस के लिए परिणाम और बेहतर हो सकते थे।

## फायरब्रांड नेता की छवि से धामी ने बढ़ाई राजनीतिक प्रतिष्ठा



देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर जैसी उम्मीद जताई जा रही थी, वह ठीक उसी के अनुरूप रहे हैं। भाजपा ने पांचों सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राजनीतिक कद में भी इजाफा किया है। उनके नेतृत्व में राज्य में यह पहला लोकसभा चुनाव था, जिसमें उनके रणनीतिक कौशल की परीक्षा होनी थी और इसमें वह शत-प्रतिशत अंक हासिल करने में सफल रहे। राज्य में इस चुनाव में भी भाजपा को मिली जीत के नायक निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रहे, लेकिन मुख्यमंत्री धामी भी निरंतर जुटे रहे। असल में इस चुनाव में मुख्यमंत्री धामी के राजनीतिक अनुभव के साथ रणनीतिक कौशल को भी कसौटी पर परखा जाना था। अपने दूसरे कार्यकाल के दो साल के भीतर मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिक संहिता की पहल समेत अन्य ऐतिहासिक निर्णय लिए, इससे वह देश में भाजपा के नए चेहरे के तौर पर उभरे। ऐसे में उनके नेतृत्व में राज्य में लड़े गए पहले लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर कमल खिलाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। यानी, सीधे तौर पर उनकी प्रतिष्ठा इस चुनाव से जुड़ी थी। इस सबको देखते हुए मुख्यमंत्री धामी लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही राज्य में चुनाव की दृष्टि से सक्रिय हो गए थे। इसी क्रम में उन्होंने नारीशक्ति वंदन कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की और सभी जिलों में आयोजित इस कार्यक्रम में भीड़ भी खूब उमड़ी। इससे संकेत मिलने लगे थे कि भाजपा इस बार इतिहास रचेगी। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में ताबड़तोड़ 68 जनसभाएं, रोड शो जैसे कार्यक्रमों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य बड़े नेताओं की राज्य में हुई 42 सभाओं, रैलियों में वह स्वाभाविक रूप से उपस्थित रहे। अब जबकि चुनाव के परिणाम आ चुके हैं और पांचों सीटों पर लगातार तीसरी बार कमल खिला है तो इससे मुख्यमंत्री का कद और बढ़ा है। जानकारों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री धामी की केमिस्ट्री ने रंग जमाया है। मुख्यमंत्री देवभूमि की जनता के मिजाज को भांपने में कामयाब रहे। साथ ही उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित करके भी दिखाया है।

## श्रद्धालुओं के वाहन पर गिरा बोल्डर, दो की मौत



रूद्रप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नरकोटा में दर्दनाक हादसा हो गया। पहाड़ी से गिरे बोल्डर की चपेट में आने से बदरीनाथ से लौट रहे प्रवासी भारतीय श्रद्धालुओं का वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो प्रवासी भारतीय श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया है। बुधवार को न्यूयार्क में रहने वाले नौ प्रवासी भारतीय श्रद्धालु बदरीनाथ धाम से भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर टेम्पो-ट्रैवलर से ऋषिकेश लौट रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नरकोटा में पहाड़ी से एक बड़ा वोल्डर सीधे वाहन के ऊपर आ गिरा। पत्थर इतना बड़ा था कि वाहन की छत तोड़कर अंदर घुस गया, जिससे वाहन में सवारअमित सिकधर(62) और बुद्धदेव मजूमदार(74) निवासी न्यूयार्क, अमेरिका गंभीर घायल हो गए।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रुद्रप्रयाग कोतवाली निरीक्षक राजेंद्र सिंह रौतेला ने बताया ने बताया कि वाहन में सवार अन्य सात लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं, लेकिन हादसे के बाद से वह काफी घबराए हुए हैं। मृतकों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

## बारिश, आधी और ओलावृष्टि का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में मौसम बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ी जिलों में आज गर्जना के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के आसार हैं। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, राजधानी दून में अगले दो दिन तक बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग की ओर से इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा सकता है। हीं, बुधवार देर शाम को चली ठंडी हवाओं के बाद जमकर बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। ऐसे में गर्मी झेल रहे प्रदेशवासियों ने राहत महसूस की। जिससे ताममान में भी गिरावट दर्ज की गई। उत्तराखंड में मई में तेवर दिखा चुकी गर्मी जून के पहले सप्ताह में थोड़ी राहत दे रही है। तेज गर्मी के बीच दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। यमुनोत्री धाम सहित आस पास के क्षेत्रों में आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। वहीं, धाम में तापमान में थोड़ी गिरावट भी दर्ज की गई। उधर, मैदानी इलाकों में भी दिनभर बढ़ते पारे ने लोगों के खूब पसीने छुड़ाए। लेकिन शाम को देहरादून में बारिश ने राहत दी। उधर, मसूरी में भी तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं, कर्णप्रयाग में आए भयंकर तूफान ने जमकर कहर बरपाया। आंधी से कई पेड़ धराशायी हो गए और कई मकानों की छतें उड़ गईं। नारायणबगड़ ब्लॉक के पाली गांव में फतेहसिंह नेगी के मकान की छत पर लगे टिन आंधी से उखड़ गए हैं। आज राजधानी दून में झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जिसके चलते यहां का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी जिलों के कुछ हिस्सों में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने से गर्मी से राहत मिल सकती है।

## टांडा रेंज के जंगल में तस्करों ने काटे कई बेशकीमती पेड़

रुद्रपुर। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के जंगल से बड़ी संख्या में तस्करों ने शीशम, खैर और सागौन के पेड़ काटकर ठिकाने लगा दिए। मामला उजागर होने से वनकर्मियों में खलबली मची हुई है। मामले को दबाने की भरसक कोशिश की जा रही है। वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त के निर्देश पर एसडीओ अवैध लकड़ी कटान की जांच कर रहे हैं। अवैध कटान के मामले में वनकर्मियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। टांडा रेंज के जंगल में स्थित बेशकीमती पेड़ों पर तस्करों की नजरें टिकी रहती हैं। वे मौका पाकर पेड़ों पर आरी चला देते है। करीब एक हफ्ते पहले तस्करों ने रेंज की भटभोज बीट से कई पेड़ काट दिए और गिल्टे बनाकर जंगल से ले गए। यह पूरा मामला दबा रहा लेकिन किसी ने वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त से शिकायत कर दी। इसके बाद से रेंजकर्मियों में अफरातफरी मची हुई है। सूत्रों के अनुसार तस्करों ने 13 से अधिक पेड़ काटे हैं और इनमें कई के ठूंठ भी वनकर्मियों को मिल चुके हैं। पूरे मामले में एक गूजर की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। बड़ा सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ कटने की भनक रोजाना जंगल में गश्त का दावा करने वाले वनकर्मियों को कैसे नहीं लगी। डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि टांडा रेंज से पेड़ कटाने की शिकायत पर वन संरक्षक ने एसडीओ को जांच दी है। एसडीओ की जांच रिपोर्ट के बाद ही इस संबंध में कुछ बताया जा सकेगा। फिलहाल एसडीओ जांच कर रहे हैं।

## चुनाव जीतने के बाद अनिल बलूनी ने परिवार संग किया गंगा पूजन

ऋषिकेश । भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व उत्तराखंड की गढ़वाल लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अनिल बलूनी चुनाव जीतने के बाद बुधवार को ऋषिकेश पहुंचे। यहां उन्होंने त्रिवेणीघाट पहुंचकर धर्मपत्नी दीप्ति बलूनी और बच्चों के साथ मां गंगा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने तीर्थ पुरोहित से अपने निर्वाचन प्रमाणपत्र का पूजन भी कराया।पूजा के बाद उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने पांचों लोकसभा सीटों पर तीसरी बार भाजपा प्रत्याशियों को विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत किया है। कहा कि निर्वाचन के बाद उन्होंने मां गंगा का पूजन कर गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र को देश का नंबर एक आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि मां गंगा के पूजन के साथ ही मैंने अपना कार्य शुरू कर दिया है। वोट मांगने के दौरान उन्होंने जनता से जितने भी वादे किए हैं, उन सभी वादों को पूरा करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथुला भी मौजूद रहे।

## 22 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा,तैयारियां में जुटे अधिकारी

हरिद्वार। चारधाम यात्रा के बीच अब करीब डेढ़ महीने बाद शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को अधिकारियों ने श्यामपुर हाईवे पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बार कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू होकर दो अगस्त तक चलेगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों से करोड़ों शिवभक्त गंगाजल भरने के लिए पहुंचेंगे। चारधाम यात्रा के बीच ही अफसरों ने कांवड़ मेले की व्यवस्था बनाने में जुट गया है। बुधवार को एडीएम प्रशासन पीएल शाह और एसडीएम अजयवीर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। एडीएम ने वन विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि आपदा के दृष्टिगत ऐसे खतरनाक पेड़ हटा दिए जाएं जो कभी भी गिर सकते हैं। रोड किनारे बड़े पेड़ों की नियमानुसार लॉपिंग कराएं। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। चंडीघाट से श्यामपुर तक जाम संभावित क्षेत्रों में काम किया जाए। ऊर्जा निगम के अफसरों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर बिजली के खतरनाक झूलते हुए तार व पोल न हो। इस मौके पर एसडीएम अजयवीर, सीओ जूही मनराल, एसओ नितेश शर्मा, वन विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, ऊर्जा निगम के अफसर मौजूद रहे।

## केदारनाथ और यमुनोत्री में चार यात्रियों की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए चार और तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक दो यात्रियों की मौत यमुनोत्री धाम और दो की केदारनाथ में हुई है। यमुनोत्री में अब तक 19 यात्रियों की जान जा चुकी है। वहीं, केदारनाथ में सबसे ज्यादा 38 यात्री जान गंवा चुके हैं। जबकि चारधाम यात्रा में अब तक 81 तीर्थयात्रियों की जान जा चुकी है। जानकारी के अनुसार, सगर कुमार शारदा(66) पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासी पश्चिम बंगाल और मृणालिनी विजयभावे(69) पत्नि विजयवसंत राव भावे, निवासी महाराष्ट्र की यमुनोत्री धाम के दर्शन कर वापस लौटते समय दो जून को मौत हुई थी। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

## मलबे की चपेट में आकर यात्री की मौत, तीन घायल

उत्तरकाशी। जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर पुलिस चौकी के पास बारिश के बाद चट्टानी मलबा और बोल्डर गिर गए। इस दौरान बोल्डर की चपेट में आने से दो सफाई कर्मी सहित तीन लोग घायल हो गए। वहीं, एक महिला श्रद्धालु की दर्दनाक मौत हो गई। उधर, जानकीचट्टी चौकी प्रभारी रणबीर सिंह चौहान ने बताया कि लगातार बारिश के चलते जानकीचट्टी में श्रद्धालुओं को फिलहाल सुरक्षा के लिहाज से रोका गया है। जानकारी के अनुसार, दोपहर बाद जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं का जत्था जा रहा था। इसी दौरान जानकीचट्टी पुलिस चौकी के आगे चट्टान से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिर गए। उसकी चपेट में आने से महाराष्ट्र की महिला श्रद्धालु दिपाली संदीप गावड़े(33) की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, एक अन्य श्रद्धालु संतोष वाणमोरे सहित दो सफाई कर्मी सुखदेव, पिंटू घायल हुए। पुलिस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। स्वस्थ केंद्र जानकीचट्टी के डाक्टर हरदेव सिंह पंवार ने बताया घायलों का प्राथमिक उपचार कर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि शव पोस्टमार्टम के लिए नौगांव भेज दिया गया है।

## दो युवकों की बाईक गहरी खाई में गिरने से मौत

पौड़ी। उत्तराखंड के पौड़ी में देर रात बाइक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों के शवों की शिनाख्त रोहित रावत(25) पुत्र रामसिंह रावत और जयदीप रावत(27) पुत्र सुरेंद्र सिंह रावत निवासी ग्राम श्रीकोट पट्टी खातस्यू ब्लॉक पाबौ के रूप में हुई है। ग्राम प्रधान श्रीकोट राजेंद्र थपलियाल ने बताया कि रोहित और जयदीप घर से बिना बताए धारी देवी के लिए निकले थे। जिसके बाद दोनों गुप्तकाशी के लिए निकल पड़े। इस दौरान अचानक उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और दोनों गहरी खाई में जा गिरे। जिसके बाद दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा कर शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। गांव के दो युवकों की मौत से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है।

# नैनीताल में खाई में गिरा मैक्स वाहन छह लोगों की दर्दनाक मौत, सात घायल



**सितारगंज से गर्मियों की छुट्टी मनाने भदकोट जा रहे छह सदस्यीय परिवार के तीन सदस्यों की मौत, हादसे में सभी घायलों को एसटीएच में किया भर्ती**

नैनीताल। सिसौना सितारगंज से गर्मियों की छुट्टी मनाने भदकोट जा रहे छह सदस्यीय परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। तीन भाइयों के सिर से मां–बाप का साया उठ गया। घायल तीनों बच्चों का एसटीएच में इलाज चल रहा है। मूलरूप से भदकोट निवासी महेश चंद्र परगाई (40) सिडकुल में नौकरी करते थे। वह सिसौना सितारगंज में छह सदस्यीय परिवार के साथ रहते थे। बच्चों के स्कूल की छुट्टी पड़ी तो उनकी पत्नी पार्वती (34) ने परिवार के साथ भदकोट जाने का प्लान बनाया। बुधवार को दपंती अपने चार बच्चों के साथ सितारगंज से बस से हल्द्वानी आए। यहां से मैक्स वाहन में बैठकर भदकोट के लिए रवाना हो गए। खनस्यू बाजार से आगे मैक्स खाई में गिर गई। इस हादसे में महेश चंद्र परगाई (40), पार्वती परगाई (34) और पुत्री कविता परगाई (10) की मौके पर ही मौत हो गई। उधर इनके तीन बेटे पंकज परगाई (12), मनोज परगाई (10) और लोकेश परगाई समेत सात घायल हो गए। देर रात सभी घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पश्या गांव निवासी कृष्णा नंद कुड़ाई की बेटी की शादी 12 जून को है। वह बेटी के शादी का सामान लेने के लिए खनस्यू बाजार आए थे। कृष्णा नंद ने बताया कि वह बाजार से मैक्स वाहन में बैठे। गाड़ी जैसे ही दो किलोमीटर दूर पहुंची तो सीधी सड़क पर खाई में जा गिरी। बताया कि बाजार से उन्होंने 12 हजार रुपये का सामान खरीदा था। अब उन्हें बेटी की शादी की चिंता सता रही है कि बेटी की शादी तक वह ठीक हो पाएंगे या नहीं। पुटपुड़ी निवासी कमला देवी (50) ने अपनी एक बेटी की शादी यहां कुंवरपुर गौलापार में की है। उसके पुत्री होने पर नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए कमला देवी अपनी छोटी बेटी ममता भट्ट (13) वर्ष के साथ सोमवार को गौलापार आई थी। मंगलवार को नामकरण संस्कार हुआ। बुधवार को ये लोग मैक्स वाहन में सवार होकर पुटपुड़ी जा रहे थे। हादसे में कमला देवी की बेटी ममता की मौत हो गई। कमला देवी बताती हैं कि उसकी बेटी ममता कह रही थी कि मां आज नहीं जाते हैं कल चलेंगे। अगर मैंने उसकी बात मान ली होती तो आज ममता जिंदा होती।घायलों को हल्द्वानी लाने की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट हो गए। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी हल्द्वानी पहुंचे और उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को भी मौके पर बुला लिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में सभी सात घायलों को लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। **सड़क हादसे में घायल :** कमला देवी (50) पत्नी शंकर निवासी पुटपुड़ी खष्टी दत्त (53) पत्नी केशवदत्त निवासी पुटपुड़ी किशन चंद्र (45) पुत्र खीमानंद निवासी पश्यां ललित मोहन (40) पुत्र भोला दत्त निवासी पश्यां पंकज परगांई (14) पुत्र महेश परगांई निवासी भद्रकोट मनोज परगांई (10) पुत्र महेश परगांई निवासी भद्रकोट लक्की परगांई (7) पुत्र महेश परगांई निवासी भद्रकोट शामिल है।

## मारपीट के दो मामलों में मां बेटे समेत सात नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जांन से मारने की धमकी देने के दो अलग–अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मां बेटे समेत सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम पच्चावाला कुंडेश्वरी निवासी गुरदेव सिंह पुत्र सुरैन सिंह ने बताया कि बीते 12 मई को भीम नगर में भारतीय प्रबंधन संस्थान के समीप स्थित उसके पुत्र के ससुराल के पास भीम नगर बागी कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी कृष्ण सहदेव पुत्र गंगा शरण तथा गंगा शरण की पत्नी बीना ने आपस में एक राय होकर उसके पुत्र पर लोहे की सरिया से प्राण घातक हमला करते हुए उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में ग्राम फिरोजपुर निवासी कपिल पुत्र नेकपाल ने बताया कि एक जून को प्रतापपुर स्थित इंडियन ऑटोमोबाइल कार सेंटर के समीप आवास विकास निवासी अमृत सिंह, कमल सिंह, जुज्का नंबर दो कुंडेश्वरी निवासी गुरुवंश सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह, श्यामपुरम कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी अविनाश तथा प्रतापपुर निवासी करनपुत्र जसपाल ने आपस में एक राय होकर उसके भाई के साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मारपीट के दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर मां बेटे समेत सभी सातों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## देव भाटिया ने पास की नीट परीक्षा

किच्छा(उद संवाददाता)। गुरुकुल स्कूल प्रबंधक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश भाटिया के पुत्र देव भाटिया ने नीट 2024 में 720 में से 680 अंक प्राप्त कर शहर एवं भाटिया परिवार का नाम रोशन किया है।देव भाटिया के नीट पास करने पर शहर के गण मान्य लोगो द्वारा शुभ कामना दी है। देव भाटिया ने बताया कि वह



शुरू से ही समाज सेवा करने की इच्छा रखता था तथा अपनी इसी इच्छा को पूर्ण करने के लिए उसने अपने गुरु जनों एवं माता–पिता की देख–देख में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास किया जिसके फल स्वरुप आज वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। देव भाटिया ने कहा कि उनका उद्देश्य राष्ट्र की सेवा करना एवं जनहित के कार्यों पर अपना समय देना है। आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना ही उनका लक्ष्य रहेगा। देव भाटिया के पिता दिनेश भाटिया ने बताया कि देव उसे प्रारंभ से ही कुछ बड़ा करने की बात कह कर विद्या अध्ययन में लगा रहता था तथा हर समय कुछ नया करने का प्रयास करता था। उन्होंने बताया कि वह शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रभावित होकर राष्ट्रवादी विचारधारा के चलते अपना लक्ष्य प्राप्त कर आम जनता की सेवा करना चाहता था जिसके लिए उसने अपने गुरु जनों की देखरेख में की जी जान मेहनत की और आज अपने मुकाम पर पहुंच चुका है। देव भाटिया की नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने भी शुभकामनायें दी है।

## आरएएन के 4 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता को साबित करते हुए नीट 2024 की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। निर्भय चौधरी ने 687/ 720 अंक अर्जित किए। गर्व सिलास ने 633/ 720, इशांक अरोड़ा 625/7 20 और प्रीतीश रंजन 608/720 अंक प्राप्त कर नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए अपने माता–पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस अनूठी सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने उनके माता–पिता को बधाई देते हुए इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# उधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक की वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर आयोजित



**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 27 लोगों ने किया रक्तदान**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जिले में निरंतर चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे उधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक की प्रथम वर्षगांठ पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 27 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने किया ।रक्तदान शिविर मे डॉक्टर उपासना अरोरा, डॉक्टर प्रशांत पाठक, डॉ मनदीप सिंह, डॉक्टर अजय अरोरा, डॉक्टर राहुल किशोर, डॉक्टर देसराज कंबोज उपस्थित थे। गौरतलब है कि शहर के वरिष्ठ और गणमान्य चिकित्सकों की टीम ने इस ब्लड बैंक की स्थापना की है और समय–समय पर वह ब्लड बैंक के जरिए समाज को अपनी सेवाएं देते रहते हैं। मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ ने कहा कि जिस प्रकार से वरिष्ठ चिकित्सकों ने इस ब्लड बैंक के जरिए समाज सेवा का निर्णय लिया है वह बेहद सराहनीय है, क्योंकि रक्तदान के जरिए ही एक मनुष्य दूसरे मनुष्य की जान बचा सकता है ।उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। ब्लड बैंक की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर चिकित्सकों और महिला विंग की ओर से केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दी गई।इस दौरान उधम सिंह नगर मेमोरियल ब्लड बैंक की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर समाजसेवी चुघ समेत उधम सिंह नगर की बहुत सी सामाजिक संस्थाओं जो कि रक्तदान क्षेत्र में निरंतर सेवा दे रहे जिसमें हेल्प टू अदर सोसायटी के जगजीत सिंह गोल्डी, दिलजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरु नानक चौरिटेबल सोसायटी के करनैल सिंह ,सनी गाबा, हरविंदर चुघ, श्री रामदास ब्लड हेल्पलाइन, रामवीर यादव, पंजाबी महासभा रुद्रपुर की अलका अरोरा ,भारत विकास परिषद के संजय राधू , उदय वासनी, ज्ञानेश मिश्रा देवभूमि फाउंडेशन, गुफरान खान एवं अकरम खान उम्मीद फाउंडेशन, अली खान और सुनील सागर दया फाउंडेशन, सागर अनेजा, नमन अरोड़ा, अंकित मुरादिया एवं नवनीत शर्मा ,प्यारी बेटियां सेवा एवं कल्याण समिति आदि विभिन्न संस्थाओं को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अस्पताल एवं ब्लड बैंक के स्टाफ इसरार अहमद, प्रशांत शर्मा, शारिक अली, तलविंदर कौर, वैष्णव, दिनेश कुमार, प्रीति आदि मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों पर भीषण गर्मी की मार

**सभी स्कूल बंद लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मासूम बच्चे तपती गर्मी में भी पढ़ाई करने को है मजबूर**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मैदानी जनपदों में तेज धूप और तपिश भरी गर्मी में मासूम बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाने के लिए मजबूर हैं। जहां एक तरफ स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो चुके हैं लेकिन दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केन्द्रों के मासूम बच्चों को भीषण गर्मी में केन्द्र पर आना पड़ रहा है। नौनिहाल बच्चे सिर पर किताब व थैला रखकर आंगनबाड़ी केंद्र जाते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से तापमान काफी बढ़ चुका है। सुबह सात बजे के बाद से ही चटक धूप पसीने छुड़ा रही है। भीषण गर्मी से आमजन बेहाल हैं। विशेषकर बच्चे गर्मी से जल्दी प्रभावित हो होते हैं इसलिए गर्मियों में विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया जाता है। लेकिन, आंगनबाड़ी केंद्रों में अभी तक अवकाश घोषित नहीं हुआ है। राहत के नाम पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में थोड़ा फेरबदल कर दिया गया है। पूर्व में आंगनबाड़ी केन्द्र प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक संचालित हो रहे थे, अब कुछ दिन से इस समय को बदलकर प्रात: 7 बजे से 11 बजे तक कर दिया गया है। भीषण गर्मी में मासूम बच्चे आंगनबाडी केन्द्रों पर आने को मजबूर हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इससे मुंह मोड़े हुए हैं। इस सम्बंध में लोगों का कहना है कि एक तरफ हीट स्ट्रोक का समय चल रहा लोग बिमार पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में भी आंगनवाड़ी वर्कर्स और यहां के बच्चों के लिए छुट्टियां नहीं है। जबकि सभी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो चुके हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे तीन से छह साल के होते हैं। कई आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इन बच्चों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। वहीं नाम ना बताने की शर्त पर एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कहती हैं कि इस समय सभी स्कूल संस्थाएं बंद हो गए हैं। सभी की छुट्टियां चल रही है। तो आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी छुट्टी मिलनी चाहिए। सरकार उनसे काम लेना तो चाहती है लेकिन सुविधाओं और उनके स्वास्थ्य के प्रति जरा भी गंभीरता नहीं दिखाई जाती।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# महिलाओं ने बरगद की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

रामनगर(उद संवाददाता)।देशभर में आज वट सावित्री का व्रत रखा जा रहा है।अपने सुहाग यानी पति की लंबी आयु के लिए इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखती हैं।इसके अलावा कुंवारी कन्याएं भी व्रत रखती हैं। सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु होने की कामना की। रामनगर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी ने महिलाओं इस मंदिर में पर्व को लेकर कुमाऊंनी परिधान में सजधज कर पहुंची थीं। उन्होंने अपने पतियों की दीर्घायु होने की कामना के साथ ही परिवार में सुख शांति को लेकर भगवान से प्रार्थना की। पूजा अर्चना करनी पहुंची भावना भट्ट दें कि हर साल ज्येष्ठ महीने की अमावस्या के मौके पर वट सावित्री व्रत किया जाता है। सुहागिन महिलाएं इस दिन अखंड सौभाग्य के साथ परिवार की सुख शांति की कामना लेकर व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं या कन्याएं





उत्तराखंड में भी महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख कर बरगद के पेड़ की पूजा की। रामनगर के सिद्धेश्वर मंदिर में भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा की। साथ ही वट सावित्री का व्रत भी रखा। वट को वट सावित्री व्रत से जुड़ी कथा सुनाई। साथ ही इस व्रत के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पूजा अर्चना करने पहुंची महिला ममता लटवाल ने कहाँ कि यह व्रत हर सुहागिन महिलाएं रखती हैं। पूजा अर्चना के बाद शाम को जल ग्रहण करने के उपरांत इस व्रत का समापन किया जाता है। आज महिलाएं ने कहा कि वह इस व्रत को अपने पति की दीर्घायु परिवार में सुख शांति को लेकर करती हैं और उन्होंने सभी के दीर्घायु की कामना की। पंडित महेश चंद्र जोशी ने कहा कि सुबह से ही वह महिलाओं को व्रत की विधि विधान व कथा सुनाते हुए विधि विधान से बड़ के पेड़ के नीचे पूजा करवा रहे हैं। बता सोलह श्रृंगार कर बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत करने से यमराज के प्रकोप और अकाल मृत्यु का भय भी नहीं रहता है। इस दिन महिलाओं को व्रत के साथ वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करनी चाहिए। जिससे मां सावित्री और त्रिदेव का आशीर्वाद मिलता है।

# पांचो लोकसभा सीट जीतने पर गौरी ने दी सीएम व प्रदेश अध्यक्ष को बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में आयी हैं। ऐसे में उत्तराखंड के सभी भाजपाई उत्साहित हैं। भाजपा की जीत पर जगह-जगह जश्न मनाया, जिसको लेकर संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह की लहर है। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी ने देहरादून में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें भाजपा की पांचो लोकसभा सीट जीतने पर



शुभकामनाएं देते हुए बुके भेंट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि इस बार फिर से देश में भाजपा की सरकार बनना तय है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व विकास करेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है ऐसे में भाजपा आने वाले समय में अपना परचम लगाएगी। गौरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी इस जीत की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य का चौमुखी विकास हो रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता तरूण पंत, राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. बचाने के सार्थक संदेश दिए गए। विभिन्न थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन में अवनीत कौर प्रथम, नाजिश द्वितीय एवं फरीदा बानो तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त उजमा, द्वितीय स्थान प्राप्त सिमरन शेख एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्राची चंद्रा को आकर्षक पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमल



रीता सचान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, स्लोगन, कविता पाठ और पोस्टर आदि के रूप में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें पर्यावरण, जल, जंगल, जमीन एवं पृथ्वी के मूल्य व महत्व को समझने और उन्हें पूर्व में आयोजित साइंस मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त नीतू, द्वितीय स्थान प्राप्त कोमल कंबोज और तृतीय स्थान प्राप्त नेहा, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त संस्कृति, द्वितीय स्थान प्राप्त हेमू मेहरा और तृतीय स्थान प्राप्त सूबिया, और किशोर पाण्डे के संरक्षण में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनिल कुमार सैनी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने के बारे में अपने व्यावहारिक विचार प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रीता सचान ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का थीम है -भूमि बहाली, मरुस्थ लीकरण और सूखा सहनशीलताश। हमारी ओर से इस पर गहनता से विचार करने और क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को बचाने की निरंतर अपील होनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं उसका संरक्षण सभी का कर्तव्य है। हम सभी को न सिर्फ अपने लिए अपितु अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए भी इस पर्यावरण को बचाना है। यह तभी संभव है जब हम सभी मिलकर इस धरती को पर्यावरण को संरक्षित करने का एकजुट प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम मनोला ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अनिल कुमार सैनी, डॉ. विकास रंजन, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. बीके जोशी, डॉ. आदर्श, डॉ. जया कांडपाल, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. संजय सिंह बिष्ट, डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. कैलाश और डॉ. जय सिंह, डॉ. ललित कुमार, डॉ. वंदना और डॉ. मेहराज बानो और छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# ग्लोबल वार्मिंग से निजात के लिए पौधरोपण जरूरी : नेगी

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज गरुड़ के एनसीसी कैडेटों व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली और लोगों से पर्यावरण को बचाने की अपील की। पौधारोपण की शुरुआत करते हुए प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र सिंह नेगी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस मौके पर विभिन्न प्रजाति के एक दर्जन




पौधे रोपे गए। इस दौरान एनसीसी ऑफिसर मोहन चंद्र जोशी, एनएसएस प्रभारी देवेंद्र सिंह मेहता, मोहन सिंह बिष्ट, आदित्य पंत, हीरा सिंह दोसाद, राजेंद्र सिंह रौतेला आदि उपस्थित थे। इसके अलावा खोलिया विवेकानंद इंका गरुड़, राबाइंका पाये, राइका मैगड़ीस्टेट, राइका छ्त्यानी, राइका वज्यूला, राइका तिलस्यारी, राइका लोहारचौरा, इंका गागरीगोल, राआजूहा उड़खुली, राजूहा मटेना आदि विद्यालयों में दर्जनों पौधे रोपे गए।

# वर्षाकाल में चलाया जायेगा पौधारोपण का वृहद अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने जिला कार्यालय परिसर में बरगद, पीपल व पाकड़ का पौधारोपण किया व सभी को पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उन्होने कहा कि पौधे हमें शुद्ध हवा पानी देते है तथा पर्यावरण, जल संरक्षण के लिये भी महत्वपूर्ण है इसलिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये व पौधो का संरक्षण भी करना चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षाकाल में पौधारोपड़ का वृहद अभियान चलाया जायेगा।



वृक्षारोपण अभियान ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत, ब्लाक स्तर व जिला स्तर तक चलाया जायेगा जिसमे ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्य, प्रमुख, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, स्वंय सहायता समूह, स्कूली बच्चे के साथ ही जनसहभागिता होगी। पौधारोपण में उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, गौरव पाण्डेय, ओसी जिला कार्यालय डॉ अमृता शर्मा आदि मौजूद थे।

# निगम अधिकारियों ने वार्ड 59 में सुनी समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के अधिकारियों की एक बैठक वार्ड 59 में आयोजित की गई।जिसमे वार्ड के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने वार्ड की तमाम समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि शनी बाजार नाला एवं गूल की सफाई होना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि अब बरसात का मौसम आ रहा है। इसके अलावा चौधरी कॉलोनी व स्वामी बिहार में ठेकेदार ने रोड़ी बिछाई कार्य रोक दिया जिससे आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।इसलिए नगर निगम ने वहां पर रोड डाल देनी चाहिए। इसके अलावा वार्ड में लगभग 15 विद्युत पोल और 50 स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है। रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि वार्ड में 14 तंग गलियां है जिसमें कूड़ा गाड़ी नहीं जा पाती है अत: कूड़ा उठाने के लिए लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की जाए अपनी बात बैठक में रखी। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, नगर सह आयुक्त भट्ट , असवाल



अन्यथा हाथ ठेले की व्यवस्था होनी चाहिए।इस मौके पर वार्ड में सीवर लाइन भी जल्दी डलवाने की मांग रखी गई। इसके अलावा आम जनता ने भी , सफाई इंस्पेक्टर चतुर सिंह एवं करामत भाई, खालिद हुसैन, असलम मलिक, आरिफ मंसूरी, श्रीवास्तव एवं दीपू जोशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आरएएन के छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के इंटरेक्ट क्लब के छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम और रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा आयोजित सफाई अभियान और पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा कई नए पेड़ लगाएद्य साथ ही में उन्होंने वहां रहने वाले लोगों को सफाई एवं पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक किया। आर. ए. एन. इंटरेक्ट क्लब के कुछ चयनित सदस्य नगर निगम रुद्रपुर में आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी भाग लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग




कमांडर एच. के. राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने इस प्रयास की सरहाना की और छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# स्कॉलर्स वैली स्कूल की छात्रा ने नीट यूजी में लहराया परचम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सुची पुत्री जैन सुनील जैन ने नीट यूजी 2024 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 700 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर 2037 रैंक हासिल की। सुची ने अपनी स्कूली शिक्षा स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल से पूरी की है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए शीर्ष चिकित्सा कॉलेज, जैसे एम्स में प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त की है। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रिंसिपल कमलजीत कौर औलख, उप प्रधानाचार्य सीमा जोशी एवम



कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह ने सुची के घर जाकर उन्हें इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं नकद धनराशि देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। सुची ने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल प्रबंधक और शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने उनकी इस उपलब्धि में मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने माता-पिता और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल को गर्व है कि उनकी छात्रा ने इस महत्वपूर्ण परीक्षा में इतनी उच्च रैंक हासिल की है।

# नदियों के पुनरजीवीकरण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से जल संरक्षण एवं पौधारोपण अभियान की बैठक लेते हुए जल संरक्षण अभियान के तहत जल स्रोत, जल धारा व नदियों के पुनरजीवीकरण हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर लगातार गिर रहा है इसलिए क्रिटिकल जल स्रोत, जल धारा जिनमें रिजार्ज 50 प्रतिशत से कम हो गया है उनको रिचार्ज करने एवं नदियों का पुनरजीवीकरण नितान्त आवश्यक है इसलिए कार्ययोजना बनाकर धरातल पर कार्य किये जाये। उन्होने कहा कि सिंचाई, वन, जल निगम, जल संस्थान, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज विभाग जल संरक्षण कार्यों का बेस लाइन सर्वे व बेस लाइन डाटा भी तैयार करें। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्षाकाल में हरेला से 15 अगस्त तक वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, इसके भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिएं। उन्होने कहा जल स्रोतों, जल धाराओं, नदियों के कैचमेंट एरिया के साथ ही तालाब –पोखरों, जलाशयों के पास भी वृहद पौधारोपण किया जाये, इस हेतु जनसहभागिता अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर, न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसकी भी अभी से कार्ययोजना तैयार कर ली जाए वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, ब्लॉक प्रमुख, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्वयं सहायता समूहो, महिला मंगल दल, युवा मंगल दल, स्कूली बच्चों व वृहद जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। सभी को पौधारोपण के महत्व को भी बताया जाए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत , क्षेत्र पंचायत व जिला स्तर पर जल स्रोत, नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु चिन्हित कर कार्ययोजना तैयार कर ली गई है , साथ ही जल संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट, रिचार्ज साफ्ट ,पॉन्ड बनाए जाएंगे व वृहद वृक्षारोपण भी किया जाएगा। उन्होने कहा कि पानी संचय हेतु बौर जलाशय व गूलरभोज जलाशय की डिसिल्टिंग भी कराई जा रही है। उन्होने बताया कि भूमिगत जल दोहन को रोकने के ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित करने के लिए किसानों के साथ दो बैठकें कर ली गई हैं, किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का , दलहनी फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया है जिसमें किसान सहमत भी हैं। उन्होने बताया कि सरकारी सैनिक फार्म, व पंतनगर विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन धान बुआई जो फरवरी से अप्रैल तक की जाती है उसे बंद करने का आदेश भी जारी किया गया है। बैठक में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, उमेश तिवारी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. ए के सिंह, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी पांडे, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, अधीक्षण अभियंता जल निगम मृदुला सिंह, अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, सिंचाई पीसी पांडे, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह व जल संस्थान के साथ ही अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## महिलाओं ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वीरांगना ग्रुप की सदस्यों ने पर्यावरण दिवस के मौके पर चांदनी बांगा के सहयोग से मूडल कालोनी में जगह जगह पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। इस दौरान गली नंएक दो और चार



में पौधे लगाये गये। वीरांगना ग्रुप की सदस्यों ने कहा कि आगे भी पौधारोपण का अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर संगीता बांगा, रेनू अरोरा,रूसी, कपाली, रजनी, सुषमा अग्रवाल, चन्द्रा जोशी, राजेश, गुंजन बाला, महिमा लता, मोनिका, वीना, मधु, सुरेश, नीलम, सुमन, मंजू, शीला आदि समेत कई महिलाएं मौजूद थी।

## डीएम ने राजपुरा की पेयजल व विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने राजपुरा क्षेत्र में पेयजल एवं विद्युत कटौती की समस्या को देखते हुए पंप हाउस और सब स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बिजली की चोरी रोकने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने राजपुरा के पेयजल संस्थान के दो पंप हाउस का निरीक्षण किया और इस दौरान पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि पेयजल लाइन में वाल्व के माध्यम से सुनियोजित तरीके से पेयजल आपूर्ति पूरे क्षेत्र में निरंतरता के साथ किया जाए। इसके साथ ही हल्द्वानी स्थित 65 ट्यूबवेल से पानी की वितरण लाइन की प्लानिंग की जाए किस प्रकार से वाल्व लगाकर सभी को समान रूप से पानी वितरित किया जा सकता है। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि भविष्य में बढ़ने वाले पेयजल संयोजन और नए कनेक्शन के आवेदन करने वालो को भी प्लान में सम्मिलित किया जाए। इसके अलावा डीएम ने काठगोदाम स्थित हाइडिल के 132 केवी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया कि वोल्टेज को स्थिर रखने वाले कैप्सिटर बैंक को एक ट्रांसफार्मर में प्रायोगिक तौर में लगाया जाए। इसके साथ ही हल्द्वानी शहर के 28 फीडर से कंज्यूमर ट्रांसफार्मर और वास्तविक परिवारों तक विद्युत ट्रांसमिशन में आने वाली मुख्य समस्याओ से तात्कालिक समाधान हेतु 10 दिन के भीतर उपाय कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या को देखते हुए सब स्टेशन का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को लाइन लॉस खत्म करने के लिए बिजली की चोरी के खिलाफ अभियान चलाने की भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसई नवीन मिश्रा, ईई जल संस्थान रवि शंकर लोशालीसहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने पर मंथन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने ग्रामीण सूक्ष्म लघु उद्योगों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर (आर बी आई) के कार्मिकों व वॉव हैंडीक्राफ्ट ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन में बैठक की ।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हस्त शिल्प को बढ़ावा देकर हम पारंपरिक कौशल और ज्ञान के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं, इसके लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने परियोजना निदेशक अजय सिंह को निर्देश दिए कि प्रतिमाह प्रदर्शनी आयोजित कर औद्योगिक संस्थानों को भी बुलायें ताकि ग्रामीण उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं को वृहद् स्तर पर पहचान मिल सके व उन्हें वस्तुओं के विपणन हेतु और अधिक बाजार उपलब्ध हो सकें व उत्पादों का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सके। बैठक में उन्होंने वॉव हैंडीक्राफ्ट के प्रतिनिधियों से ग्रामीण उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग के साथ ही मार्केटिंग बिजनेश प्लानिंग, निवेश एवं व्यापार प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने वॉव हैंडीक्राफ्ट ऑरियनप्रो सॉल्यूशन्स लिमिटेड द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारियां भी ली। बैठक में परियोजना निदेशक अजय सिंह,रूरल बिजनेस इन्क्यूबेटर (आरबीआई) से हेमंत बजेठा, अनुपम अवस्थी,मनोज कांडपाल, वॉव हैंडी क्राफ्ट के स्नेहलपंडित, इंदर सिंह, नितिन पटेल व रियाज आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने वनकर्मियों के साथ किया पौधारोपण



रुद्रपुर। विश्व पर्यवरण दिवस के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने संजय चेतना वन में वन कर्मियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण को मानव अनुकूल बनाने व वृक्षारोपण से वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु अपील की। इस अवसर पर विधायक अरोरा ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन के शुभ अवसर पर पौधारोपण का संकल्प व्यक्त करना चाहिए, आज जिस प्रकार तेजी से पेड़ों का कटान हो रहा है यह मानव जीवन के लिए व आने वाली पीढ़ी के लिए घातक सिद्ध होगा, साथ हीं वन्य जीव जिनके जीवन का आधार हीं पेड़ पौधे है उनके जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जंगल को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। शिव अरोरा ने संजय वन क्षेत्र का वन कर्मियों के साथ भ्रमण किया साथ हीं वहाँ चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि सांसद अजय भट्ट के प्रयासों से संजय वन क्षेत्र मे काफी कार्य हुए है, जिससे यहाँ आने वाले पर्यटको की सुख सुविधा भी बेहतर हुई है ओर यहाँ आने वाले लोगो की संख्या मे इजाफा हुआ है जो एक अच्छी शुरुआत है। विधायक ने कहा संजय वन को और बेहतर बनाने के लिये वन विभाग से प्रस्ताव मांगे जिससे ओर निर्माण कार्य कर यहाँ सुख सुविधाओं को बढ़ाया जा सके। विधायक अरोरा ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर संजय वन के बाहर वन विभाग द्वारा लगाई गई छबील में मीठा शरबत भी वितरित किया। इस दौरान एसडीओ राहुल मेहता, रेंजर रुपनारयण गौतम, डिप्टी रेंजर दिवान सिंह रोतेला, दरोगा सुरेन्द्र सिंह व अन्य कर्मी थे।

## हीरावती स्कूल ने जीती 5 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जेसीज स्कूल में 5 ए साइड अंतर्विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में ऊध लिया। आज के मुख्य अतिथि जगरूप सिंह ढिल्लन थे। फाइनल मुकाबले में जेसीज पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुधांशु पंत ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए निर्णायक दल में विशिष्ट अतिथि विवेक डालाकोटी, राजेन्द्र पाण्डे, पुष्कर सिंह रावत, वसंत शर्मा, सचिन शर्मा, खुशबू श्रीवास्तव, ज्योति बिष्ट, मोना सिंह, श्वेता ने प्रतियोगिता में विजयी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि सभी खिलाड़ी अधिक से अधिक खेलों में प्रतिभाग करें





मसिंहनगर जिले के 14 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। आज का फाइनल मैच हीरावती स्कूल वर्सेज हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल किच्छा के बीच खेला गया। हीरावती स्कूल ने 5 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर उनका उत्साहवर्धन कर शुभकानाएँ दी। उन्होंने कहा कि यही खिलाड़ी भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। श्री सुधांशु पंत ने शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों नरेन्द्र सिंह रावत एवं जगदीश भट्ट को बधाई दी। आज के सक्सेना थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्णायक दल में श्री अखिलेश मंडल, शुभम, मानस, दिव्यांशु डालाकोटी आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर तथा अपनी प्रतिभा को निखारें। उन्होंने कहा कि आप ही भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मेरा यह पूर्ण प्रयास रहेगा कि समय–समय पर आपको खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए ऐसे अनेक अवसर दिये जायेंगे।

## पौधों को संरक्षित करने का लिया संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नवीन अनाज मंडी में आढ़तियों ने पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित करने का भी संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नवीन अनाज मंडी में यूनियन के अध्यक्ष अनिल गगनेजा की अध्यक्षता में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया आढ़तियों ने वृक्षारोपण कर जनता को संदेश दिया साथ ही कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए. उत्तराखंड राज्य हिमालयी राज्य होने की वजह से हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है, ऐसे में जनता को न सिर्फ



वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि जल संरक्षण की दिशा में भी काम करना चाहिए. जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में तेजी से बढ़ रहा है इससे फसलों को तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही पूरे मानव जीवन के लिए खतरा है।इस दौरान आलोक सरना, प्रदीप फुटेला, राजेश अग्रवाल, विशाल भुड्डी, दीदार सिंह, हरेंद्र बेहड़, कल्लन, वैभव मित्तल आदि रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# एनडीए की चुनौतियां

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपने गठबंधन का नेता चुन लिया है। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में उन्होंने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। दरअसल, इस बार के आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला है। किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन, राजग, को जरूरी बहुमत से कुछ अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं, इसलिए वह सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहा है। चूंकि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, और उसके गठबंधन के पास अस्पष्ट बहुमत है, इसलिए सरकार बनाने का दावा वाजिब है। कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने के सवाल पर संकेत दिया है कि फिलहाल वे किसी जोड़-तोड़ में नहीं जुटेंगे और सही समय का इंतजार करेंगे। इससे पहले खबरें आई थीं कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू शायद सैद्धांतिक आधार पर राजग के साथ जाने से इनकार कर दें और इसका फायदा इंडिया उठा ले। लेकिन भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन की सरकार बनने की राह स्पष्ट हो गई है। पर यह भी तय है कि इस बार भाजपा का गठबंधन के सहयोगियों के साथ वही व्यवहार नहीं रह पाएगा, जो पहले की दो सरकारों के समय देखा गया। इस बार भाजपा को अकेले दम पर बहुमत हासिल नहीं है। उसे सरकार चलाने के लिए हर समय सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। पिछली दो सरकारों के समय भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था, इसलिए उसे इस बात की चिंता नहीं थी कि सहयोगी दल किसी मोड़ पर उसकी बांह मरोड़ सकते हैं। इस बार वैसी निश्चिंतता नहीं रहेगी। एक तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधते हुए चलने जैसा होगा। जरा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होगा। फिर, जिन दो दलों- तेलगु देसम पार्टी और जद (एकी) के पास सरकार चलाने के लिए निर्णायक सीटें हैं, उनके साथ संतुलन साधना सबसे अहम होगा। इन दोनों दलों के नेताओं यानी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के भाजपा के साथ सैद्धांतिक मतभेद पहले कई बार उजागर हो चुके हैं। वे बीच में भाजपा का साथ छोड़ कर अलग राह पकड़ चुके हैं। इसलिए उन्हें लेकर भरोसेमंद दावा कोई नहीं कर सकता। वे कब किस फैसले से नाराज हो जाएं, कहना मुश्किल है। ऐसे में भाजपा के लिए उनके साथ लगातार संतुलन साधते रहना होगा। राजग की पिछली दो सरकारों के कामकाज के तरीके और फैसलों को लेकर अनेक आपत्तियां उठती रही हैं। नई सरकार में घटक दलों की बात सुनना जरूरी होगा। अपेक्षा की जाती है कि इस बार मंत्रिमंडल का गठन कुछ इस तरह से होगा कि उसमें घटक दलों की मांगों को समायोजित करना होगा। हर सहयोगी दल अपने समर्थन की बड़ी कीमत मांगेगा। उसमें अगर पदों और विभागों के बंटवारे में असंतुलन होगा, तो असंतोष भी उभरेगा और उसका असर सरकार के कामकाज पर नजर आने लगेगा। पिछली सरकारों के समय कई महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणाएं की गई थीं, वे तभी लागू होंगी और गति पा सकेंगी, जब विभागों के बंटवारे में संतुलन होगा। फिर, हर सहयोगी दल की अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताएं भी हैं, वे उन्हें ऊपर रखना चाहेंगे, इसलिए नई सरकार से हर स्तर पर संतुलन साधने की दरकार होगी।

# धूमधाम से मनाया गया गेल पातल महोत्सव

धरमघर(उद संवाददाता)। बागेश्वर-पिथौरागढ़ की सीमा पर स्थित धरमघर में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया।जोहार सांस्कृतिक एवं वेलफेयर सोसायटी हल्द्वानी द्वारा आयोजित गेल पातल महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वायुमंडल में घुलनशील विषाक्त गैसों से प्रकृति को बचाने के लिए सभी लोगों से वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा भरा बनाने के लिए कार्य करने की अपील की गई।वही क्षेत्र के विकास के लिए अनवरत विकास कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया।महोत्सव में समिति द्वारा सैकड़ो सैकड़ों लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गयाध। साथ ही सभी बच्चों व स्थानीय जनता को विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण कर बृक्षारोपण किया गया।वही महोत्सव में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सीनियर वर्ग में आरूषी सैनी






प्रथम,नुपुर ग्वाल द्वितीय अंशु गड़िया तृतीय जबकि जूनियर वर्ग में भूमिका पंचपाल प्रथम, सुहाना पंचपाल द्वितीय गीता मेहरा ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया।महोत्सव में लोकगायक खुशी जोशी,गोविंद दिगारी,कमल मेहरा के गानों पर दर्शक खूब झूमे।महोत्सव में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित लवराज सिंह धर्मसतू सहित जोहार सोसाइटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पांगती जिपं सदस्य पूरन सिंह गढ़िया राजेंद्र सिंह राठौर धन सिंह भौर्याल गोकुल पंचपाल, महासचिव धीरेन्द्र सिंह पांगती नवीन

महोत्सव का कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने शुभारंभ किया।शुभारंभ करते हुए विधायक गड़िया ने समिति की पर्यावरण बचाने और महोत्सव के माध्यम से स्थानीय सँस्कृति के संरक्षण के माध्यम से लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनकर पर्यावरण स्वच्छ तो हम सभी स्वच्छ की नीति पर पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और चौड़े पत्तेदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली जिसमें स्थानीय लोग भी शामिल हुए।रैली धरमघर बाजार होते हुए रामलीला मैदान धरमघर में पहुंची। महोत्सव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजनकिया गया।जिसमें सिंह टोलिया सांस्कृतिक सचिव कैलाश सिंह धर्मसतू संरक्षक देवेंद्र सिंह धर्मसतू सरला बहिन की शिष्या शोभा बहिन ग्राम प्रधान उत्तम राठौर, राज्य आंदोलकारी गंगा सिंह पांगती,धन सिंह बाफिला मनोहर पंचपाल देवेंद्र मर्तोलिया धाम सिंह मंजू देवी विमला देवी, कमला देवी, राजेन्द्र राठौड़ आदि रहे मौजूद थे।

# घर में पथराव करने के मामले में भाजपा नेता समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रंजिशन आधी रात को घर में पथराव करने के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता सोनू खुराना समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्तूरी वाटिका बिगवाड़ा निवासी मुकेश कुमार पुत्र गुलाब राय ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसने भाजपा नेता अरून खुराना उर्फ सोनू खुराना पुत्र वेदप्रकाश खुराना, निवासी-म०नं0-10, श्यामा श्याम गार्डन, भूरारानी रोड़, रूद्रपुर के साथ साझेदारी में व्यवसाय किया था जिसके हिसाब को लेकर सोनू खुराना के साथ उसका मन मुटाव चल रहा है। इसी के चलते सोनू खुराना उसके साथ रंजिश रखता था। इसी रंजिश के चलते 1 जून को देर रात 2:30 से 3 बजे के बीच सोनू खुराना अपनी पत्नी शिवानी खुराना,अरून अरोरा,नीरज बाजपाई, अभिनव बाजपाई सहित अन्य लोगों के साथ दो कारों में सवार होकर उसके घर के बाहर आ धमका और घर में पथराव करते हुए गन्दी गन्दी गालियां देने लगा। जब पत्नी बाहर आई तो सोनू खुराना ने पत्नी को ईट फैककर मारी जो पत्नी के पेट में लगी इसके बाद उक्त लोग जबरदस्ती घर के अंदर घुस आये और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग एकत्र हुए तो सोनू खुराना और उसके साथ आये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित का कहना है कि सोनू खुराना और उसके उसके साथियो से उसे और उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहुगुणा ने वितरित किये चंदन के पौधे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने लोगों को चंदन के पौधे वितरित किये । कैबिनेट मंत्री ने कहा लोग पौध रोपण के साथ-साथ पौधे का संरक्षण भी करें। टैगोर नगर दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने लोगों को चंदन के पौधे सौंपे। इस अवसर पर सौरभ बहुगुणा ने कहा कि बढ़ती गर्मी का प्रमुख कारण वृक्षों का कम होना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पर्यावरण दिवस पर ही नहीं बल्कि हर महीने ग्राम प्रधान , बीडीसी सदस्यों को अपने-अपने गांव में पौधारोपण करना चाहिए।उन्होंने लोगों से कहा पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखें। कहां ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर ही हम गर्मी से निजात पा सकते हैं। भाजपा युवा मोर्चा शक्तिफार्म मण्डल अध्यक्ष सुबीर



सरकार ने वितरण हेतु पौधे उपलब्ध कराया,उन्होंने कहा की आगे भी और वृक्ष वितरण किया जायेगा।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, योगेंद्र सिंह रावत, कार्तिक राय, भाजयुमो अध्यक्ष सुबीर सरकार, पूर्व प्रधान भारती सरकार, विजय बागला,देबू मंडल, सुनील विश्वास , अशोक मण्डल, संजय बाछाड, किशोर रॉय,विश्वजीत हालदार,बाबू राम हालदार, उत्तम दास, देवाशीष पोद्दार, पवित्र मण्डल,परेश मण्डल, रवि मजूमदार मीनाक्षी विश्वास, लीलिमा मजूमदार, नमिता हालदार, पिंकी मण्डल आदि मौजूद थे।

# पौधे मॉनसून आने के बाद ही लगाएं: पंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व के अलग अलग हिस्सों में वर्षा का पैटर्न अलग अलग रहता है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस सम्भवतह यूरोप के मौसम के हिसाब से तय किया गया



होगा। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई तारीख निश्चित कर दी गयी है तो यह कोई जरूरी नहीं है कि हमें भी इस दिन पौधरोपण करना ही है। पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/ पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत ने कहा कि पर्यावरण दिवस मनाएं पर पौधे मॉनसून आने के बाद ही लगाएं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी अलग अलग क्षेत्रों में बारिश का समय अलग है। जहां उत्तर भारत में इस समय तापमान बहुत ज्यादा है वहीं केरल में मॉनसून दस्तक देने को तैयार है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगर हम जून में पौधे लगायेंगे तो वह बच नहीं पाएंगे। यह वह पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए अपने 36 वर्षों के लम्बे अनुभव के आधार पर मजबूती से कह रहे हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों में जागरुकता बढ़ी है यह स्वागत योग्य है पर अति उत्साह में जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। डा. पंत ने कहा कि इस समय तपती धरती पर सार्वजनिक जगहों पर लगाए गए नए पौधों को बचाना नामुमकिन है। केवल औपचारिकता के लिए या केवल फोटो खिंचवाने के लिए पौधों के जीवन को खतरे में डालना ठीक नहीं है। अभी उन्हें नर्सरी में रहने देना ठीक है पौधरोपण 15-20 दिन बाद भी किया जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। इस दिन नदियों, तालाबों की सफाई की जा सकती है। जल संरक्षण, स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण, प्लास्टिक पॉलिथीन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के कार्यक्रम किए जा सकते हैं। स्कूल के बच्चों को निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिताओं के द्वारा प्रकृति से जोड़ने के कार्यक्रम किए जा सकते हैं। साल भर में किसी एक दिन ही सक्रिय होना काफी नहीं है। पर्यावरण को बचाने के लिए पूरे साल 365 दिन काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर धरती को बचाने के प्रयास करें।

# अपने विवेक को सदैव जागृत रखें : श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ श्री हरिकृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। दूसरों पर मिथ्या दोषारोपण से कहीं बेहतर है कि स्वयं आत्म अन्वेषण करें। कई बार हम स्वयं गलतियां करते हैं, स्वयं अपने हाथो अपने लिए पतन का गड्ढा खोदते हैं व दोष दूसरों को देते हैं। दूसरों में दोष ढूंढने के कारण हमें अपने अंदर दोष होते हुए भी दिखाई नहीं देते। आंखें सबको देखती है पर अपने को नहीं देख पाती। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष , शांत, एकाग्रचित्त होकर अपनी आत्मा की आवाज सुनें, तो पता चल जाएगा कि लोग हमें क्या समझते हैं। हमारा मन क्या समझता है, परन्तु वास्तव में हम हैं क्या ? किसी को दोष क्यों देते हो अपनी अनेक आंतरिक



दुर्बलताएँ ही विनाश का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए तथा न ही पहुँचाने की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में। परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उसके यहाँ ऊँच नीच, जाति पाति आदि का कोई भेद नहीं है। परमात्मा के लिए तो एक मात्र प्रेमपूर्ण भक्ति ही सर्वस्व है। भक्तिहीन मनुष्य ठीक उसी प्रकार है जैसे बिना जल के बादल, चाहे वह कितने ही उज्जवल क्यों न हो, मगर किसी के काम के नहीं होते। अत: हमें जगत की यथा सामरथय सेवा करनी चाहिए तथा सेवा का अवसर मिलने पर स्वयं को सौभाग्य शाली समझना चाहिए व सेवा के आये इस अवसर को हाथ से न जाने देने पर स्वयं को परम सौभाग्य शाली समझना चाहिए। हमें जगत में जब भी संत, गुरू, परमात्मा, बुजुर्ग, माता-पिता व धर्म एवं संस्कृति की सेवा का अवसर मिले तो सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो इस असंभव को भी संभव किया जा सकता है।

# पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार सिंह नें विश्व पर्यावरण दिवस एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के अवसर पर पौधारोपण किया। श्री सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण



सुरक्षित रहेगा और बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव होगा। श्री सिंह नें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा की इनके कुशल नेतृत्व में हमारा प्रदेश एवं पूरा देश विकास के मार्ग पर अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर धनञ्जय सिंह, राजपाल सिंह शेखावत, निखिल, ब्रह्मानंद पुरोहित, राजेश चौबे, सतपाल प्रधान, विकास, अजय, संजय, हाजरा आदि लोग उपस्थित रहे।

# विस्फोटक सामग्री के उपयोग से दरक रही कठानी गांव की चट्टान

## पहाड़ी से विशालकाय बोल्डर गिरने से कठानी में मकान हुआ जमीदोंज, ग्रामीणों के घरों में आयी दरारें

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सरयू नदी मेंकठानी गांव के नाम पर कागजो में अंग्रेजी शब्द में त्रुटि से निर्माणाधीन खुटानी जलविद्युत परियोजना के दो जिलों की सीमा पर बन रही परियोजना में टनल निर्माण में हेवी विस्पोटको के प्रयोग से ग्रामीणों ने घरों में दरारें आने, गांव के ऊपरी पहाड़ी में विशालकाय चट्टान के टूटने के बाद एक ग्रामीण के आवासीय घर के जमीदोंज होने घर पर विशालकाय बोल्डर के गिरने से हुए नुकसान के लिए जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही कम्पनी द्वारा विस्पोटको से भूमिगत तौर पर जबरदस्त झटकों के तरंगों से आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में इसका प्रभाव पड़ने से प्राकृतिक आपदा होने की आशंका जताई है।ग्रामीणों ने कहा कि डैम निर्माण के दौरान विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे आसपास की पहाड़ी दरक रही है। गत रात्रि अचानक जोगापाणी की पहाड़ी के चटटान से बोल्डर गिरने लगे। एक बोल्डर आवासीय मकान में गिर गया जिससे गांव में सरपंच राजेन्द्र सिंह भूपाल सिंह, भगवान सिंह का बना नया मकान पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया।गनीमत कहे या देवताओं की कृपा घटना होने की भनक लगते ही पहाड़ी दरकने के विस्पोट की आवाज सुनकर ग्रामीण सुरक्षित स्थान को भाग गए।तभी एक विशालकाय बोल्डर ऊपरी पहाड़ से लगभग400 मीटर ऊपरी पहाड़ी से गिरकर तीव्र तरँगी गति से राजेन्द्र सिंह के मकान में टकरा गया।गनीमत रही कि तब ग्रामीण अपने अन्य परिवारजनों के साथ घटना स्थल से मात्र 20 मीटर दूर दूसरे कमरे में बैठे थे। यदि हादसा चंद मिनट पहले हुआ होता तो जानवरो को घास चारा देने के लिए महिलाए गौशाला के पास होती पर इसे कुदरत का करिश्मा कहे या इष्ट देवता का आशीर्वाद जो कि बाखली में मौजूद लोगों को पहाड़ी के टूटने के बाद विस्पोट होने और चट्टान टूटने का अंदेशा





हो गया।जिसके बाद तत्काल सभी लोग सुरक्षित स्थान की ओर भाग गए। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से विस्फोटक प्रयोग करने की जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके को रवाना हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर खातासेरा कठानी के पास इन दिनों डैम का निर्माण किया जा रहा है। बताया कि डैम कंपनी द्वारा हमेशा ग्रामीणों को धमकाया जाता है व अपनी शासन व प्रशासन में पहुंच बताते है। कहा कि कंपनी द्वारा नियमित रूप से विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किया जाता है। मंगलवार को भी वहां दिन में कई बार विस्फोटक सामग्री का प्रयोग किया। जिससे चटटान दरक रही है। बताया कि गत रात्रि लगभग दस बजे कठानी गांव में वन पंचायत सरपंच राजेन्द्र सिंह मेहता पुत्र गोविंद सिंह अपने अलग के मकान में बैठकर वार्ता कर रहे थे तभी पहाड़ी से एक बोल्डर उनके दूसरे मकान में आ गिरा। बताया कि उस वक्त यदि राजन सिंह मेहता का परिवार सोया नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बोल्डर गिरने से आवासीय मकान की लैंटर की छत टूट कर जमीदोंज हो गई तथा मकान में रखा कीमती सामान भी मलुवे के ढेर में दब गया। घटना के बाद राजन सिंह मेहता ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान पूरन असवाल व क्षेत्रीय पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा को दी। सूचना मिलने पर बुधवार की सुबह तहसीलदार दलीप सिंह व भू वैज्ञानिक सुनील दत्त ने गांव का दौरा किया तथा ग्रामीणों से वार्ता की। प्रशासन को भू वैज्ञानिक की टीम का रिपोर्ट का इंतजार है।

### रात भर चैन से सो नहीं पाए ग्रामीण

बागेश्वर। कठानी में रात में पहाड़ी दरकने से गिरे बोल्डर से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राजन सिंह के मकान में बोल्डर गिरने के बाद राजन सिंह समेत आसपास के ग्रामीण अन्य मोहल्ले में गए तथा अन्य परिवारों के यहां रात गुजारी।

'' मकान में बोल्डर गिरने की सूचना के बाद तहसीलदार व भूगर्भ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। वे जांच करके रिपोर्ट सौंपेंगे इसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। प्रभावित परिवार को मुआवजा प्रदान किया जा रहा है।

**– मोनिका, उपजिलाधिकारी बागेश्वर।**

# केवीएस प्रीमियर ग्रुप ने बनाया विश्व पर्यावरण दिवस

काशीपुर(उद संवाददाता)। इस्पात के क्षेत्र में अग्रणी राज्य की प्रमुख औद्योगिक इकाई काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा० लिमिटेड (केवीएस प्रीमियर ग्रुप) की गतिविधियां मात्र व्यापारिक क्षेत्रों तक ही सीमित नही हैं बल्कि समाज सेवा को सर्वोपरि मानते हुए चिकित्सा, शिक्षा, क्रीड़ा, पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक प्रचार-प्रसार हेतु वर्ष भर अनेक योजनायें चलायी जाती हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर केवीएस प्रीमियर ग्रुप द्वारा केवीएस परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। केवीएस प्रीमियर द्वारा 25 मई से ही पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा मनाया गया। ग्रुप द्वारा फैक्ट्री परिसर में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, साफ-सफाई एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु आठ टीमों का गठन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली चयनित टीम को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश गोस्वामी, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,



काशीपुर द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढाई। मुख्य अतिथि द्वारा भी पर्यावरण दिवस पर फैक्ट्री परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, एम.डी. केवीएस प्रीमियर ग्रुप, अर्पण जिन्दल निदेशक केवीएस प्रीमियर ग्रुप, पुनीत मोहिन्द्रा प्रेसीडेन्ट, एस.के. सिंह वाईस प्रेसीडेन्ट, मनीष त्यागी, जी.एम. आदि अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार यादव, जी.एम. मार्केटिंग द्वारा किया गया।

# वन विभाग ने चलाया पौधारोपण अभियान

खटीमा (उद संवाददाता)।तराई पूर्वी वन प्रभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बरगद वाला, पीपल एवं फलदार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर एसडीओ संगीता वर्मा ने कहा कि वन विभाग के द्वारा पिछले 11 दिनों से अमृत कल के तहत पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है वनों में तालाब एवं हरी घास के पौधे लगाये जा रहे हैं। पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से वन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश को हरा भरा करने की मुहिम प्रदेश एवं केंद्र सरकार के दिशा निर्देशन में चलाई जा रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि समय रहते हमें वनों के महत्व को समझना होगा धरती के तापमान को कम करने के लिए एवं ग्लोबल वार्मिंग के द्वारा होने वाले नुकसान को रोकने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम बहुत आवश्यक है। हमें अपने दैनिक जीवन में पौधारोपण के महत्व को समझते हुए जितना संभव हो सके हरे हरे वृक्ष लगाकर धरती को बचाना होगा। इस अवसर पर रेंजर महेश जोशी, वन दरोगा जीएस भंडारी, भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, एससी मोर्चा के नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, विशाल चौहान, अमित जोशी, करन यादव, मोहित सामंत, अभिषेक गुप्ता, रंजन अग्रवाल, जागेश वर्मा, पूजा, रवीना, रेखा, अरविंद शर्मा, अंजली जोशी, एके गौतम, अशोक कुमार, बबलू आदि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को ...**है। एक आंकड़े के अनुसार इस साल आरंभिक 10 दिन की यात्रा में ही तकरीबन 6.43 लाख यात्री और 60,416 वाहन चारों तीर्थों तक पहुंच चुके थे। इन वाहनों में भी सबसे ज्यादा चिंता पैदा करने वाले डीजल वाहन हैं, जिनसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन होने के कारण प्रदूषण भी अधिक होता है। पर्यावरणविदों के लिए एक और चिंता का विषय ब्लैक कार्बन है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान देने के साथ हीग्लेशियरों को भी पिघला रहा है। अध्ययन में सामने आया है कि ऑटोमोबाइल द्वारा उत्सर्जित ब्लैक कार्बन भी बर्फ और बर्फ की सतहों पर जमा हो सकता है। ऑटोमोबाइल से उत्सर्जित ब्लैक कार्बन के गहरे रंग उक्त कण हल्की सतहों की तुलना में सूर्य प्रकाश को अधिकअवशोषित करते हैं, जिससे बर्फ और बर्फ की सतह का ताप बढ़ जाता है और ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हो जाती है। राज्य में जंगलों की आग ने पहले ही वातावरण में ब्लैक कार्बन के स्तर में चिंताजनक वृद्धि कर दी है और अब चार धाम तक पहुंचने वाले डीजल वाहन इसमें और कितनी वृद्धि करेंगे? इसकी कल्पना डरा देने वाली है। पिछले साल बदरीनाथ तक 2,69,578 वाहन व गंगोत्री तक 96,884 वाहन पहुंचे थे।घ्इस साल केवल आरंभिक 10 दिन में ही बदरीनाथ में 12,263 और गंगोत्री में 10,229 वाहन पहुंच गए। ज्ञात हो कि ये दोनों ही धाम गंगोत्री और सतोपंथ ग्लेशियर समूहों के क्षेत्र में हैं, जो कि तेजी से पिघलने के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय हैं।दोनों ही ग्लेशियर समूह गंगा की मुख्य धारा अलकनंदा व भागीरथी के उद्गम स्रोत हैं। यमुना का स्रोत यमुनोत्री ग्लेशियर है।इसी साल अप्रैल में जारी इसरो की रिपोर्ट के अनुसार, हिमालयी ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के साथ ही ग्लेशियर झीलों की संख्या और आकार में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो आपदाओं की दृष्टि से एक गंभीर खतरे का संकेत भी है। ऐसे में सुलगता सवाल तो यह है की साल दर साल बढ़ती ब्लैक कार्बन कि इस मात्रा को संवेदनशील ग्लेशियर कब तक सहन कर पाएंगे ?

**उत्तराखंड के आगे...** है। जिसके परिणाम स्वरूप ही भाजपा ने प्रदेश में जीत की हैट्रिक लगायी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 90 प्रतिशत से अधिक वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 70 प्रतिशत से अधिक वोट वाली विधानसभा के विधायकों को भी सम्मानित किया जाएगा। महेन्द्र भट्ट ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को विकास के पथ पर ले जायेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह आगामी निकाय चुनाव में भी प्रदेश में भाजपा का परचम लहरायेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब प्रदेश में निकाय चुनाव की तैयारी शुरू की जायेगी।

**सिंचाई नहर में ...** पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद सिंचाई नहर से बाहर निकाला । शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई । पुलिस ने सिंचाई नहर से शव को बाहर निकाल कर शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। जिसके बाद पुलिस ने शव को रामनगर संयुक्त चिकित्सालय में मोर्चरी में रखवाया है। कोतवाली के एसएसआई यूनुस खान ने बताया कि सुबह पुलिस को सिंचाई गूल में करनपुर के पास शव मिलने की सूचना मिली थी, उन्होंने कहा कि अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है ,उन्होंने कहा कि शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।शव को 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा गया है ,अगर शिनाख्त नहीं हो पाती ,उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बंसल ज्वैलर्स से ...**पुलिस को दी गई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी हुई चेन करीब डेढ़ तोले की थी जिसकी कीमत लगभग एक लाख दस हजार रूपये हैं। बता दें इस शहर में पहले भी इस तरह की घटनायें प्रकाश में आ चुकी है। बंसल ज्वैलर्स के स्वामी प्रदीप बंसल का कहना है कि शहर में चोरी करने वाली महिलाओं का गिरोह सक्रिय है सभी ज्वैलर्स को सावधान रहना चाहिये।

**आंगन में सो रही ..**दर्ज किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। आवेश व अन्य दोनों आरोपियों ने कुलदीप कौर की हत्या क्यों की। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस घटना स्थल व आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**उत्पीड़न पर फूटा...** वीरेन्द्र, नेत राम, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश, मंगल, सुनील, आकाश, राजपाल, कृष्ण पाल, प्रवेश, श्रीपाल, लाल सिंह, रवि राठौर, देवेन्द्र कुमार, कुंवरपाल, ब्रिजेश कुमार, राकेश,सर्वेश कुमार, सोमपाल, प्रदीप, रामाशंकर, धर्मेन्द्र कुमार, ब्रहमपाल, जगदीश, अरविंद, शेर सिंह, मनोज, रजनी, रेनू, अमित कुमार, राजकुमार, रंजीत, नीरज, सूरज, महेश, राजा, राहुल, जगतपाल, वीरेन्द्र, आकाश कुमार, राजीव, रामपला, अतर सिंह, सोनू कुमार, मुनीश कुमार, मुनीम, ब्रिजेश, अंजन लाल, वीर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, रोहित आदि समेत सैकड़ों श्रमिक थे।

**फैक्ट्र कर्मी को ...**एक कमरे में ले गये। आरोप है कि उक्त लोगों ने लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी तथा जेब से फैक्ट्री का सामान खरीदने के लिए रखे 10 हजार रुपये छीन लिए और कमरे में आधा घंटे बंद रखा । जब पुलिस आई तो उन्हें छोड़ा।

# छबील लगाकर बांटा शरबत

किच्छा(उद संवाददाता)। अमावस्या के अवसर पर पंडित सूर्यमणि द्विवेदी एवं पंडित हरिओम शर्मा के नेतृत्व में छबील लगाकर शरबत वितरित किया गया। वार्ड 16 में स्थित सीता राम मंदिर में मंदिर के पुजारी सूर्यमणि द्विवेदी के नेतृत्व में वार्ड के तमाम लोगों ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। अमावस्या के अवसर पर लोगों को सुख शांति की कामना के साथ-साथ इंद्र देवता से वर्षा काल में अच्छी वर्षा की कामना की गयी। इस अवसर पर प्रकाश शाह, विशाल शर्मा, अनूप शर्मा पंकज जोशी, अंजू मेहरा, कृष्णा नेगी, राजेंद्र गंगवार, देवकी शर्मा, डोरी लाल राठौर, मैं विशेष सहयोग दिया।



# चुनाव में हुई तानाशाही की हार: सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर जारी बयान में कहा कि इस बार तानाशाही की हार हुई है और लोकतंत्र की जीत हुई है। सुमित हृदयेश ने कहा कि यह चुनाव परिणाम जनता का परिणाम है और हम इस जनता के जनादेश को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते है। उत्तराखण्ड में चुनाव के नतीजे बेहद निराशाजनक रहे। अगर यही चुनाव उत्तराखण्ड में तीसरे या चौथे चरण में होता तो उत्तराखण्ड में भी कांग्रेस की जीत निश्चित थी। लेकिन अब भी इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार बनेगी जो तानाशाही को खत्म कर आमजन की आवाज बनेगी और जो नफरत का बाजार खुला था उसमें मोहब्बत की दुकान खुलना सुनिश्चित हो चुका है।

# चन्द्रशेखर आजाद की जीत पर मनाया जश्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगीना लोकसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रशेखर आजाद की जीत पर भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकत्ऱओं ने डा. अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष एकत्र होकर गाजे बाजों के साथ खुशी मनाई। इस दौरान आतिशबाजी की गयी और मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद की जीत से संसद में दलितों की आवाज मजबूत होगी। इस दौरान एडवोकेट राजेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, तरनजीत सिंह, विवेक जाटव, राजपाल, सोनू सागर, नरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, केवल भारती, भीम रतन, अरूण कुमार, चंदन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
रुपया 1 RUPEE 1990
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338